## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईएफएस दिनेश पटेल को मिला होम कैडर, 2018 बैच से छत्तीसगढ़ को मिलेंगे चार नये आईएफएस अफसर

**रायगढ़ के दिनेश छत्तीसगढ़ से इकलौते हुए थे सेलेक्ट**

रायपुर। 2018 बैच के IFS दिनेश कुमार पटेल को होम कैडर मिला है। आल इंडिया रैंकिंग में 84वां स्थान हासिल करने वाले दिनेश छत्तीसगढ़ के इकलौते आईएफएस थे। शुक्रवार को इनवारमेंट एंड फोरेस्ट मिनिस्ट्री ने कैडर अलोकेशन किया था। वहीं 2018 बैच से छत्तीसगढ़ को तीन नये IFS मिलेंगे। जिन नवनियुक्त ढ्ढस्नस् को छत्तीसगढ़ कैडर मिला है, उनमें रायगढ़ के दिनेश कुमार पटेल के अलावेज 31वीं रैंक हासिल करने वाले आलोक कुमार वाजपेयी हैं। आलोक उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, उन्हें भी छत्तीसगढ़ कैडर मिला है, वहीं 35वीं रैंक हासिल करने वाले तेजस एस को छत्तीसगढ़ मिला है। तेजस तमिलनाडू के रहने हैं। वहीं 67वीं आल इंडिया रैंक शशि कुमार को भी सीजी कैडर मिला है, वो झारखंड के रहने वाले हैं। दिनेश रायगढ़ जिले के सारंगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम नावाडीह नवरंगपुर के रहने वाले हैं7 दिनेश के पिता एक साधारण किसान हैं। बेहद ही साधारण परिवार से वास्ता रखने वाले दिनेश की कामयाबी की मिसाल है।

### पंचायत कराएगा आडिट फिर मिलेगा शिक्षाकर्मियों को एरियर्स

रायगढ़। समयमान वेतन के लिए डीइओ द्वारा आदेश निरस्त करने एवं मार्गदर्शन मांगने के बाद सचिव ने आदेश जारी किया है। इसके अनुसार जिले के करीब 18 सौ पात्र शिक्षकों के लिए पंचायत विभाग आडिट कराएगा और पात्रतानुसार ही इसका भुगतान किया जाएगा लेकिन इस आदेश को उलझाने वाला कहकर शिक्षाकर्मी विरोध शुरू कर दिए हैं।

### महिला ने खुद को लगाई आग, 10 दिन बाद मौत

रायगढ़। पति की शराब पीने की आदत से परेशान 50 साल की एक महिला ने खुद को आग के हवाले कर दिया। लगभग 10 दिन तक इलाज कराने के बाद शुक्रवार शाम को उसकी मौत हो गई। घटना खरसिया थाने के भेलवाडीह गांव की है। जहां रहने वाले राजू पटेल की 50 वर्षीय पत्नी रामबाई पटेल ने बीते 22 मार्च को खुद को आग लगा लिया था जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान शुक्रवार शाम को उनकी मौत हो गई। महिला द्वारा खुद को आग लगाने का कारण शराब को बताया गया है। मामले में मिली जानकारी के अनुसार मृतिका के पति राजू पटेल को शराब पीने की आदत थी जिससे महिला परेशान रहती थी शराब पीने को लेकर घटना वाले दिन भी पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था जिसमें महिला ने आत्महत्या जैसे कदम को चुनाव किया था जिसका आज दुखद परिणाम सामने आया हैं।

### हेमन्त आर्ट एकेडमी के स्टुडेंट स्टुडियो राउण्ड के लिए सलेक्ट

**ग्रांड टी.वी. रायपुर द्वारा स्टेज चैम्प्स छत्तीसगढ़ का आगाज**

रायगढ़। आज कल रियालिटी शो के माध्यम से हर छोटे बड़े एवं दूरदराज के ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभा को एक मंच प्रदान किया जा रहा है जिसमें हम देखते हैं जी.टी.वी, सोनी टी.वी. एवं एण्ड टी.वी. में। कलाकार को कला पारखी मिलना और कला पारखी के माध्यम से मंच मिलना बहुत बड़ी बात होती है। कल तक जिन्होंने सिर्फ सपने देखे थे आज उन्हीं के बच्चे सपने को साकार करने के लिए रियालिटी शो के माध्यम से व्यिव में अपनी कला से म्याहूर हो रहे हैं।

# मंत्री उमेश पटेल ने किया कार्यकर्ताओं को रिचार्ज

## वि.ख. खरसिया एवं वि.ख. रायगढ़ के कार्यकर्ताओं का बैठक सम्पन्न





नंदेली। मंत्री उमेश पटेल अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुनः स्फूर्त करने में लग गये हैं, इस कड़ी में विकासखण्ड खरसिया के कार्यकर्ताओं का 6 अप्रैल को ग्राम चपले में एवं 7 अप्रैल को वि.खं. रायगढ़ के धनागर में सम्पन्न हुआ जिसमें खरसिया तथा रायगढ़ क्षेत्र के कोने-कोने सभी कार्यकर्ताओं पहुंचे तथा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने-आप को पूरी तरह तैयार रहने का भरोसा अपने लाड़ले मंत्री को दिये, सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में अपने मंत्री के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए आगामी चुनाव में अपने पार्टी को और प्रबल करने पर जोर दिये।

इसी क्रम में अपने उद्बोधन में मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि 15 वर्षों के बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार का शासन आया है और केवल तीन माह के कार्यकाल के उपलब्धी के आधार पर हम जनता के पास जायेंगे तथा हमको और अधिक सहयोग मिलेगा और सभी कार्यकर्त्ता मुख्यमंत्री कार्य के उपलब्धी के आधार पर तथा केन्द्र सरकार के नाकामी के आधार पर जनता के पास जायेंगे तथा अपने पार्टी के लिए कार्य करेंगे इस प्रकार सभी कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार हो जाये। उद्बोधन के अगली कड़ी में मंत्री ने उक्त बैठक में आने के लिए धन्यवाद दिये तथा अपना प्यार और आशीर्वाद हमेशा बनाये रखने का आग्रह किये। उक्त बैठक में विकासखण्ड खरसिया एवं रायगढ़ के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता, युवा कार्यकर्ताओं का भारी संख्या में उत्साह पूर्ण उपस्थिति रहा।

# मोटर सायकल पर अंग्रेजी शराब परिवहन करते युवक गिरफ्तार

**आरोपी से 36 बियर बॉटल, 9 पाव विस्की एवं मोटर सायकल जप्त**

**चुनाव के मद्देनजर थाना/चौकी क्षेत्र में जारी है पुलिस की सघन पेट्रोलिंग**

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा आम चुनाव 2019 को देखते हुए सभी थाना/चौकी प्रभारियों को पेट्रोलिंग और सूचनातंत्र को और बेहतर कर संदिग्धों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में 6 अप्रैल को पुलिस चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अंजना केरकेट्टा के नेतृत्व में चौकी स्टाफ द्वारा पेट्रोलिंग दौरान मुखबिर सूचना पर शाम करीब 16.30 बजे काशीराम गांधीनगर चौक के पास कपिल अहमद पिता स्व. शकील अहमद उम्र 26 साल साकिन मधुबन पारा वार्ड न. 10 सैनी दुकान के पास थाना सिटी कोतवाली हा.मु. सेन्टर प्वाईट होटल रायगढ़ को TVS मोटर सायकल CG 13-SA/4875 से बैग अंदर अंग्रेजी शराब लेकर आते हुए पकड़े। आरोपी के बैग में मिले 13 नग किंगफिसर स्टांग प्रिमियम बियर, 23 नग किंगफिसर स्टांग प्रिमियर बियर और 09 पाव आई.बी. व्हीस्की (कुल शराब की कीमत 5940 रूपये) जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली (चौकी जूटमिल) में अप.क्र. 274/19 धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### कृषि विस्तार अधिकारी की सड़क हादसे में मौत

खरसिया। खरसिया के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी की बाराद्वार के पास सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। खरसिया में पदस्थ वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एन एम कुरैशी का कल रात 8 बजे काम निपटा कर खरसिया से अपने घर कोटमी सोनार जा रहे थे। बताया जा रहा है कि बाराद्वार के पास सड़क हादसा हुआ जहां उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। खरसिया से कोटमी सोनार जाने के लिए निकले थे बताया जा रहा है कि उसी दौरान बाराद्वार के पास हाइवा की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना से उनका बहुत सारा खून निकल गया जिससे उनकी मौत हो जाना बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार को सूचना दी। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# सूने मकान में चोरों का धावा

रायगढ़। ग्राम कुम्हारी थाना बरमकेला में रहने वाली श्रीमती सुकांति यादव पति स्व. श्यामसुन्दर यादव उम्र 45 वर्ष 6 अप्रैल को सुबह लगभग 7 बजे इसके घर के अलमारी से कोई अज्ञात चोर 15 हजार रूपये तथा सोने चांदी के जेवरात को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है, श्रीमती सुकांति ने बताया कि पति के स्वर्गवास हो जाने के बाद घर में अपनी लड़की, सास के साथ रहती है। 6 अप्रैल की सुबह लगभग 7 बजे सभी तालाब नहाने गये थे। थोड़ी देर बाद घर आये तो देखे घर अंदर रखा अलमारी खुला हुआ था तथा उसमें रखे नगदी 15 हजार रूपये एवं सोने का दुलफुल, चार फोकली माला और चांदी की चूडी, हाफ करधन, बिंछिया, पायल जुमला 35 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। चोरी के रिपोर्ट पर थाना बरमकेला में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 54/19 धारा 454,380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कोतरा रोड फाटक के पास तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

रायगढ़। आज सुबह साढ़े 9 बजे के करीब कोतरा फाटक के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार व्यक्ति को पीछे से रौंद दिया जिससे घायल व्यक्ति की अस्पताल मे ईलाज के दौरान मौत हो गयी हैं। जानकारी के मुताबिक सड़क हादसे में मृत व्यक्ति का नाम झनक राम पटेल उम्र 50 वर्ष निवासी औराभांटा बताया जा रहा है। झनकराम आज सुबह 9.30 बजे अपने गांव से कोस्टापारा स्थित कॉपरेटिव बैंक जा रहा था उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक चालक ने पीछे से बुरी तरह रौंदते हुए भाग गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जूट गई है।

# आयकर में बीएसपी प्रत्याशी सबसे धनवान, संपत्ति में लालजीत आगे

रायगढ़। लोकसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में से आयकर के हिसाब से देखें तो बीएसपी प्रत्याशी इन्नोसेंट कूजूर सबसे धनवान उम्मीदवार हैं। जबकि स्थायी एवं पैतृक संपत्ति के मामले में कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत सिंह राठिया आगे हैं। रायगढ़ में चुनाव लड़ रहे भावी 14 सांसदों में से 5 उम्मीदवार की आयकर रिटर्न जमा करते हैं।

निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों से उनकी आय-व्यय का ब्यौरा मांगना जब से शुरू किया है, तब से नेताओं को अपना काला धन छिपाना मुश्किल हो गया है। चुनाव से पहले शपथ पत्र के साथ उम्मीदवारों को पहले आयोग में इसकी जानकारी देनी होती है। अब इस रिकार्ड पर नजर डाले तो रायगढ़ लोकसभा चुनाव में इस बार जिन 14 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। उसमें भावी सांसदों की कमाई पर नजर डाले तो बहुजन समाज पार्टी के इन्नोसेंट कूजूर सबसे धनवान हैं। कूजूर ने अपनी सालाना कमाई करीब 11 लाख बताई है। पिछले आयकर विवरण के अनुसार कूजूर ने अपनी कुल कमाई 10 लाख 80 हजार बताई है। जबकि उनकी कुल संपत्ति 41 लाख रूपए की है। बीजेपी की गोमती साय ने आयकर रिटर्न में अपनी कमाई 3 लाख 11 हजार बताई है। जशपुर जिपं अध्यक्ष गोमती साय के पास किसी तरह की जमीन जायदाद नहीं है लेकिन नकद, बैंक एवं सोने चांदी के आभूषण मिलाकर उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 3 लाख 41 हजार बताई है। कांग्रेस के लालजीत व धरमजयगढ़ के वर्तमान विधायक ने 2 लाख 98 हजार का आयकर विवरण जमा किया है। हालाकि स्थायी संपत्ति एवं जमीन जायदाद के मामले में लालजीत सभी प्रत्याशियों से आगे हैं। धरमजयगढ़ के अलग अलग गांवों में खेतिहर जमीन व अन्य मिलाकर प्रत्याशी के नाम से 54 लाख की प्रार्पटी है। आयकर विभाग को अपनी कमाई बता कर रिटर्न दाखिल करने वाले उम्मीदवारों में कृपाशंकर भगत व ज्योति भगत भी शामिल हैं।







## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480